## 17. अनुच्छेद-लेखन

किसी विषय पर कम शब्दों में अथवा छोटे-छोटे वाक्यों में अपने विचार लिखना ही अनुच्छेद-लेखन कहलाता है। भाषा की इस विधा द्वारा बच्चों के विचारात्मक कौशल तथा लेखन का विकास होता है।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को कोई विषय दें। यह विषय बच्चों की आसपास की वस्तुओं या लोगों से जुड़ा हो सकता है।
- बच्चों को पाँच-दस मिनट का समय दें। फिर विषय पर कुछ वाक्यों या बच्चों के विचार बताने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे को अपने विचार प्रकट करने का भरपूर अवसर दें। उन्हें प्रोत्साहित करें। आरंभ में बच्चे घबराएँगे अथवा क्या बोलें यह नहीं समझ पाएँगे। ऐसे में आप उस विषय के बारे में कुछ प्रश्न पूछें, बच्चे उसका उत्तर देंगे। इसी प्रकार वे उस विषय के प्रति अपने विचार प्रकट करने में सक्षम हो पाएँगे।
- बच्चों का हौसला बढ़ाएँ तथा उनकी झिझक दूर करने का प्रयास करते रहें।
- पाठ में दिए अनुच्छेद बच्चों से पढ़वाएँ।
- अभ्यास में दिए अनुच्छेदों के संकेत बिंदुओं द्वारा अनुच्छेद लिखवाने का अभ्यास करवाएँ।